पांच फ्लाईओवर की मिली सौगात

खुर्रमनगर, आईआईएम तिराहा फ्लाईओवर पर शुरू होगा निर्माण, मुंशीपुलिया फ्लाईओवर का शिलान्यास

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को पांच नए फ्लाईओवरों की सौगात दी। इनमें से दो शनिदेव मंदिर तेलीबाग चौराहा, ठाकुरगंज से दुबग्गा के बीच बनाए जाएंगे। खुर्रमनगर व आईआईएम तिराहा फ्लाईओवर पर निर्माण शुरू होगा।

मुंशीपुलिया फ्लाईओवर का शिलान्यास कर दिया गया। गडकरी ने समतामूलक चौराहे पर क्लोवर लीफ फ्लाईओवर, एसजीपीजीआई के सामने फ्लाईओवर की जरूरत का परीक्षण कराने के लिए कहा है।

समतामूलक और पीजीआई पर फ्लाईओवर की तलाशेंगे संभावना

अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास आयोजित कार्यक्रम में सांसद राजनाथ सिंह की मांग पर गडकरी ने नए प्रोजेक्टों की घोषणा की। कहा कि हरदोई रोड बनने से ट्रैफिक का दबाव बढ़ेगा। ऐसे में ठाकुरगंज से दुबग्गा के बीच रिंगरोड की क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर की जरूरत होगी। तेलीबाग में शनिदेव मंदिर के सामने फ्लाईओवर की जरूरत रक्षामंत्री ने बताई। यहां भी निर्माण होगा। समतामूलक चौराहे क्लॉवर लीफ फ्लाईओवर की संभावना का अध्ययन कराया जाएगा। खुर्रमनगर फ्लाईओवर का निर्माण शुरू करा रहे हैं। यहां फ्लाईओवर को टेढ़ीपुलिया फ्लाईओवर के आगे से शुरू करने का प्रस्ताव आया है। यह काम भी करा दिया जाएगा। खुर्रमनगर से आगे भी जाम की संभावना खत्म होगी। अभी यह फ्लाईओवर सेक्टर-25 चौराहा और खुर्रमनगर चौराहा के ऊपर से गुजरेगा।

तेलीबाग चौराहा, ठाकुरगंज-दुबग्गा पर भी बनेगा फ्लाईओवर

कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ, नितिन गडकरी व राजनाथ सिंह। -संवाद

मटियारी फ्लाईओवर को सीधे शहीद पथ से जोड़ें

गडकरी के सामने मटियारी फ्लाईओवर को शहीद पथ से जोड़ने का प्रस्ताव रखा गया। उन्होंने इसका परीक्षण कराने के लिए कहा है, जिससे काम शुरू कराया जा सके। अभी शहीद पथ तक टुकड़ों में फ्लाईओवर का निर्माण किया गया है। इससे ट्रैफिक को मुश्किलें अधिक हैं। वहीं, यह कमता फ्लाईओवर से भी सीधे लिंक नहीं होने से शहीद पथ के लिए फायदेमंद नहीं है।

इन परियोजनाओं का मिला तोहफा

शिलान्यास

मुंशीपुलिया चौराहे एनएच 24ए पर फ रेलेन फ्लाईओवर का निर्माण (लंबाई 2 किमी) -लागत 171 करोड़ रुपये

निर्माण कार्य शुभारंभ

- लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे का निर्माण (लंबाई 63 किमी) - लागत 4270 करोड़
- खुर्रमनगर में फ रेलेन फ्लाईओवर एनएच24ए का निर्माण (लंबाई 2 किमी) लागत 185 करोड़
- मडियांव से आईआईएम क्रॉसिंग तक एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण (लंबाई 2 किमी) - लागत 128 करोड़
- हरदोई रोड एनएच731 (221 किमी लंबाई) - लागत 4674 करोड़। संडीला से किसान पथ के बीच इसे चार लेन किया जाना है।

एनएचएआई शुरू करेगा लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे का काम

लखनऊ। कानपुर से लखनऊ को जोड़ने के लिए छह लेन का एक्सप्रेस वे का निर्माण अब एनएचएआई शुरू करेगा। इसकी शुरुआत कानपुर से होगी। इस एक्सप्रेस वे से दोनों शहर को ट्विन सिटी के रूप में विकसित करने की योजना है। 63 किमी लंबे प्रोजेक्ट पर 4270 करोड़ रुपये एनएचएआई खर्च करेगा। बुधवार को निर्माण की शुरुआत कराने के लिए आयोजित कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि किसी भी देश के आर्थिक युग को शुरू करने में वहां की सड़कों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज का दिन लखनऊ के साथ ही उत्तर प्रदेश के लिए भी खास है। कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस वे को सामान्य सड़क नहीं, बल्कि इकोनॉमिक कॉरिडोर के रूप में देखा जाना चाहिए। यह उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर के लिए रीढ़ की हड्डी साबित होगा। कहा कि आर्थिक विकास के लिए कानून व्यवस्था का चुस्त-दुरुस्त होना आवश्यक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे सुदृढ़ बनाया है। गडकरी ने कहा कि कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस वे बन जाने के बाद कानपुर व लखनऊ ट्विन सिटी के रूप में सामने आएंगे। दोनों शहरों की दूरी 30 मिनट की रह जाएगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

4270

करोड़ रुपये होंगे खर्च 63 किमी एक्सप्रेस वे पर